जांच | 20 से अधिक क्लीनिकों की जांच, दवाईयां एवं चिकित्सा उपकरण जब्त, कुछ क्लीनिकों पर कार्यवाही नहीं होने के आरोपों से उठे सवाल

# झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा, जांच से मचा हड़कंप

**नवभारत,नरसिंहपुर,गाडरवारा।** नगर में वर्षों से संचालित अपंजीकृत एवं नियमों के विपरीत संचालित निजी दवाखानों के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए गए विशेष अभियान से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जिला कलेक्टर रजनी सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष मिश्रा के निर्देश पर ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. आदित्य रघुवंशी के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 20 से अधिक निजी क्लीनिकों की जांच कर दस्तावेजों की पड़ताल की।



## दवाईयां, इंजेक्शन और चिकित्सा सामग्री की गई जब्त

कार्रवाई के दौरान प्रभारी अधीक्षक सिविल अस्पताल गाडरवारा डॉ. उपेंद्र वस्त्रकार, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय ठगेले सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चिरहकला रोड, निरंजन वार्ड, एमपीईबी कॉलोनी, स्टेशन रोड, अलका टॉकीज रोड, सब्जी मंडी क्षेत्र, चावड़ी वार्ड एवं अन्य स्थानों पर पहुंचकर क्लीनिकों का निरीक्षण किया। टीम ने संचालकों से चिकित्सा डिग्री, पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य वैधानिक दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान लगभग 8 से 10 क्लीनिकों से एलोपैथिक दवाइयां, इंजेक्शन एवं विभिन्न चिकित्सा उपकरण जब्त कर सुरक्षित रखे गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित संचालकों को नोटिस जारी करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दस्तावेजों की जांच के दौरान यदि वैध पंजीयन अथवा नियमों का पालन नहीं पाया जाता है तो संबंधित क्लीनिकों को बंद कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## इन क्लीनिकों पर हुई स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही

स्वास्थ्य विभाग की जांच के दायरे में एमपीईबी कॉलोनी स्थित एन.के. विश्वास (प्रांजू मेडिकल), अलका टॉकीज रोड स्थित डॉ. संदीप मेहरा, डॉ. नीरज सोनी एवं डॉ. राज निकुंज, निरंजन वार्ड स्थित डॉ. कमल विश्वास एवं डॉ. संदीप सरकार (चांदसी क्लीनिक), मानसा क्लीनिक के डॉ. सी.के. विश्वास, बोदरी नाका स्थित डॉ. बी.सी. राय (चांदसी दवाखाना), शांति श्री स्कूल के सामने संचालित अग्रवाल क्लीनिक, चावड़ी वार्ड के डॉ. राजेश दुबे, पुरानी पुलिस चौकी के समीप डॉ. उमाशंकर दुबे, सब्जी मंडी के पास स्थित बड़कुर क्लीनिक एवं डॉ. कविता आदित्य बड़कुर, स्टेशन रोड स्थित डॉ. राघवेंद्र पुरी, पलोहा रोड पुल के समीप डॉ. के.के. श्रीवास्तव, नदी मोहल्ला छड़ाव घाट के डॉ. कमलेश सेन, इंदिरा कॉम्प्लेक्स स्थित डॉ. हिम्मत पुरी तथा डोला बाबा क्षेत्र के डॉ. अमान कायम सहित अन्य क्लीनिक शामिल रहे।

## कार्यवाही की निष्पक्षता पर उठने लगे सवाल

स्वास्थ्य विभाग की इस कार्यवाही के बाद नगर में चर्चा का विषय यह भी बना हुआ है कि कुछ ऐसे क्लीनिक, जिनके संबंध में स्थानीय स्तर पर लंबे समय से नियमों के विपरीत संचालन के आरोप लगाए जाते रहे हैं, वे जांच की कार्यवाही से बाहर रहे। कुछ लोगों ने आरोप लगाए हैं कि कार्यवाही से पूर्व कुछ संचालकों को क्लीनिक बंद रखने की जानकारी दे दी गई थी, जिसके कारण जांच की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा कुछ अन्य क्लीनिकों के संबंध में भी जांच की मांग उठाई गई है। इनमें चावड़ी वार्ड स्थित डॉ. पी. दत्ता, , सब्जी मंडी क्षेत्र के डॉ. जितेंद्र महाजन, स्टेशन रोड स्थित धैर्य क्लीनिक, जमाडा रोड स्थित डॉ. पी.के. मंडल, विजय कॉलोनी क्षेत्र स्थित राज मेडिकल, क्षेत्र के समीप संचालित कुछ क्लीनिक एवं अन्य स्थानों के संबंध में शिकायतें सामने आई हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

### क्लीनिकों पर अब क्यों जागा विभाग

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा प्रश्न यह उठ रहा है कि यदि नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से बिना आवश्यक अनुमति या नियमों के विपरीत चिकित्सा गतिविधियां संचालित होने की शिकायतें थीं, तो संबंधित विभाग द्वारा समय रहते व्यापक कार्यवाही क्यों नहीं की गई। आम नागरिकों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग ने अभियान शुरू किया है तो कार्यवाही पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के सभी संदिग्ध क्लीनिकों की जांच कर की जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की इस बड़ी कार्यवाही ने गाडरवारा में स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी व्यवस्था और अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों को लेकर नई बहस छेड़ दी है। फिलहाल सभी संबंधित संचालकों को दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। अब जनता की निगाहें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गाडरवारा और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी गाडरवारा की आगामी जांच और निर्णय पर टिकी हैं कि दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध बिना किसी दबाव, प्रभाव अथवा भेदभाव के समान रूप से कार्यवाही की जाती है या नहीं। इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. आदित्य रघुवंशी से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने मीडिया को इस विषय में कोई आधिकारिक बयान देने से इनकार किया।

# पानी की टंकी से लगातार हो रहा रिसाव

**नवभारत,साईखेड़ा।** नगर के मध्य स्थित पेयजल आपूर्ति की पानी की टंकी इन दिनों गंभीर लापरवाही का शिकार होती नजर आ रही है। टंकी से जुड़े सप्लाई पाइप से लगातार पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पानी व्यर्थ बह रहा है। वहीं टंकी के नीचे की जमीन में भी पानी समाने के संकेत मिल रहे हैं, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि लंबे समय से पाइप से पानी टपकने और बहने की समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इसकी मरम्मत या रखरखाव के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लगातार रिसाव के कारण टंकी के आसपास की भूमि कमजोर होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। चिंता का विषय यह है कि पानी की टंकी के नीचे और आसपास शासकीय विद्यालय, लोक सेवा केंद्र तथा घनी आबादी वाला क्षेत्र स्थित है। यदि समय रहते रिसाव की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी भी प्रकार की तकनीकी खराबी या संरचनात्मक कमजोरी के चलते बड़ा हादसा हो सकता है, जिससे जनहानि की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। नगरवासियों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराकर रिसाव को रोका जाए तथा टंकी के नीचे बैठ रहे हिस्से की जांच कर आवश्यक मरम्मत कराई जाए। नागरिकों का कहना है कि जल संरक्षण के साथ-साथ लोगों की सुरक्षा भी प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। क्षेत्र के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे जनहित में आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



# केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में योगाभ्यास सम्पन्न

**नवभारत,नरसिंहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सीजेएम नरसिंहपुर राकेश सनोडिया, सचिव जिला विधिक सेवा नरसिंहपुर देवेश मीणा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकारी राजेश सक्सेना के साथ जेल अधिकारी/ कर्मचारियों और बंदियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। इस दौरान योग से करीब 330 जेल बंदी लाभांवित हुए। यह योगाभ्यास जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के तत्वाधान में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि जेल मुख्यालय मप्र भोपाल एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून तक समस्त जेलों में एक सप्ताह तक योग अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का शुभारंभ मप्र उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश और मप्र विधिक सेवा प्राधिकरण के संरक्षण प्रमुख ने सोमवार 15 मई को सुबह 7.30 बजे केन्द्रीय जेल जबलपुर से किया गया।

# कुक कम हेल्पर्स की कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर कुक कम हेल्पर्स की कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड मुख्यालय चावरपाठा में हुआ। सरस्वती के पूजन के साथ शुरू हुई इस प्रतियोगिता में विभिन्न शालाओं में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था से जुड़ी स्वसहायता समूहों की कुक कम हेल्पर्स ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालयों में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन में स्थानीय खाद्य सामग्री मिलेट्स दालों एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ाना तथा स्वादिष्ट स्वच्छ एवं पोषणयुक्त व्यंजनों के निर्माण को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में करीब



45 स्वसहायता समूहों की प्रतिभागियों ने अपनी पाक कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विविध प्रकार के स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। व्यंजनों में स्थानीय स्वाद के साथ स्वास्थ्यवर्धक तत्वों का भी विशेष ध्यान रखा गया। निर्णायक समिति ने सभी व्यंजनों का स्वाद पौष्टिकता स्वच्छता प्रस्तुतीकरण एवं स्थानीय सामग्री के उपयोग के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पड़रिया समूह ने प्रथम स्थान बरमान समूह ने द्वितीय स्थान तथा खुलरी समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया विजेता प्रतिभागियों कोपुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार नवाचार और गुणवत्ता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## एक नजर में

### हत्या-सुसाइड प्रकरण : दोस्त के साथ कार से पहुंचा था दीपेश

**नवभारत, जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत डॉ. भंडारी अस्पताल के पास स्थित राजुल डुप्लेक्स में 15 जून को दोपहर ब्यूटी पार्लर संचालिका शक्ति कोहली की गोली मारकर हत्या करने के बाद पार्टनर दीपेश राठौर ने स्वयं पर फायर कर आत्महत्या कर थी। मामले की जांच और सीसीटीव्ही कैमरों को खंगालने के बाद यह बात सामने आई कि आरोपित डुप्लेक्स में अकेला नहीं बल्कि अपने एक दोस्त के साथ कार से पहुंचा था हालांकि बाद में उसे भगा दिया था और कमरे का दरवाजा बंद कर हत्याकांड और सुसाइड को अंजाम दिया था। विदित हो कि शक्ति कोहली पिता निहाल कोहली 44 वर्ष निवासी नर्मदा रोड रतन कॉलोनी गोरखपुर की ब्यूटी पार्लर का संचालन कर रही थीं। हाल ही में उसने डॉ. भंडारी अस्पताल के पास स्थित राजुल डुप्लेक्स में नया पार्लर खोला था, जिसमें दीपेश राठौर पिता सुरेश राठौर 40 वर्ष निवासी फूटाताल का बिजनेस पार्टनर था। जिसके आपराधिक रिकॉर्ड होने के बारे में पता चलने के बाद शक्ति ने उससे दूरी बनाना शुरू कर दी थी। इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ । 15 जून को शक्ति दोपहर 12:30 बजे साथ में काम करने वाली तमन्ना के घर गई थी जहां से दोनों राजुल डुप्लेक्स पार्लर का सामान समेटकर किसी दूसरी जगह शिफ्ट करने पहुंची। इसी दौरान दीपेश वहां पहुंच था। दीपेश, शक्ति अंदर चले और दरवाजा बंद कर लिया तमन्ना बाहर थी। इसी बीच दीपेश और महिला के बीच विवाद हुआ इसके बाद गोलियां चली थी दोनों की मौत हो गई। टीआई नितिन कमल ने बताया कि दीपेश ने पहले शक्ति को गोली मारी थी इसके बाद उसने स्वयं पर फायर कर सुसाइड कर लिया था। जांच के बाद यह बात सामेन आई कि दीपेश डुप्लेक्स में अकेला नहीं पहुंचा था उसके साथ उसका दोस्त अजीत उर्फ पप्पू निवासी भरतीपुर का भी था। हालांकि दीपेश ने उसे भगा दिया और वे शक्ति के साथ फ्लैट के अंदर चला गया था। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### किशोर को मारी चाकू

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना क्षेत्र में इंडीकेटर न देने पर उपजे विवाद के बाद बदमाश ने किशोर पर चाकू से वार कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सोहिल कोल 17 वर्ष निवासी धर्मपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ईट भट्टा में काम करता है । दोस्त लकी चौरसिया व सोहित कोल के साथ गोसलपुर बाजार गया था गोसलपुर में इंडीकेटर न देने की बात पर से उसकी साहिल केवट से बहस हो गयी थी, वह व लकी चौरसिया तथा सोहित कोल मोबाइल खरीदने के लिये जिम्पी की मोबाइल दुकान जा रहे थे तभी साहिल कोल आकर उसके साथ विवाद करने लगा और हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा। इसके बाद चाकू से हमलाकर दिया।

### 14 साल की बालिका का अपहरण

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत लालमाटी सिद्धबाबा से एक 14 वर्षीय किशोरी का अपहरण कर लिया गया । पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासजी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लालमाटी सिद्धबाबा काली मंदिर के पास रहने वाले युवक ने शिकायत दर्ज कराई कि उनकी बड़ी बेटी 14 वर्ष सुबह करीब 11 बजे घर से बिना बताए कहीं निकल गई। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो परिजनों ने आसपास और अपने सभी रिश्तेदारों में उसकी तलाश की। हर जगह ढूंढने के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला, तो बदहवास पिता ने थाने पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। परिजनों ने अज्ञात पर अपहरण कर ले जाने की आशंका जाहिर की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

### पिता काम से लौटे तो बेटी मिली गायब

पनागर थाना अंतर्गत ग्राम छत्तरपुर में एक 17 वर्षीय किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई।पुलिस के मुताबिक छत्तरपुर निवासी किशोरी के पिता मजदूरी का काम करते हैं। वे सुबह करीब 6 बजे काम के सिलसिले में ग्राम बिछुआ गए थे। घर पर उनकी छोटी बेटी 17 वर्ष और बड़ी बेटी मौजूद थीं। शाम करीब 5 बजे छोटी बिना बताए अचानक घर से कहीं निकल गई। रात 8 बजे जब पिता काम से वापस लौटे, तब उन्हें बेटी के लापता होने की जानकारी मिली। उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन किशोरी का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका।

# टीबी मरीजों को फूड बास्केट का वितरण

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनीष कुमार मिश्रा जिला क्षय अधिकारी डॉ देवेन्द्र रिपुदमन सिंह एवं खंड चिकित्सा अधिकारी चावरपाठा डॉ राजकिशोर पटैल के मार्गदर्शन में विकासखंड चावरपाठा के टीबी मरीजों को फूड वास्केट का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टी.वी मरीजों को निजी भागीदारी के माध्यम से पोषण सहायता हेतु फूड वास्केट का वितरण किया जाता है जिसमें निजी संस्थान फर्म या कोई भी व्यक्ति एकल रूप से निक्षय मित्र



बनकर टी.वी.मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर सकता है। उक्त कार्यक्रम में समाजसेवी आशीष पालीवाल चांवरपाठा द्वारा 10 मरीजों को पोषण सहायता एवं बीपीएम यूनिट के कर्मचारियों द्वारा आपसी सहयोग से 15 मरीजों को पोषण सहायता प्रदान कर अनूठी पहल की है।

# मालवाहक वाहनों का आवागमन विनियमित करने का आदेश जारी

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रजनी सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले में स ?क मार्गों से कोयला, फ्लाई ऐश, खनिज वाहक एवं अन्य भारी मालवाहक वाहनों का आवागमन विनियमित करने के उद्देश्य से आदेश जारी किया है। जारी आदेश के मुताबिक जिले में कोयला, फ्लाई ऐश तथा अन्य खनिजों का परिवहन करने वाले सभी भारी वाहनों का संचालन केवल वैध परमिट/ बिल्टी/ ईटीसी प्राप्त करने के उपरांत ही किया जाएगा। जिले में कोयले एवं फ्लाई ऐश का परिवहन केवल तिरपाल से पूरी तरह ढके हुए बंद वाहनों से ही किया जाएगा। परिवहनकर्ता द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य होगा।

# साईखेड़ा में विकासखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**नवभारत,गाडरवारा।** प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए विकासखंड स्तरीय कुक कम हेल्पर्स कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन साईंखेड़ा स्थित सांदीपनी विद्यालय में किया गया। यह आयोजन जिला पंचायत नरसिंहपुर (पीएम पोषण) के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाले लगभग 25 स्व-सहायता समूहों के रसोइयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन में स्थानीय



खाद्य सामग्री, मिलेट्स, दालों एवं अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों के उपयोग को बढ़ावा देना तथा स्वादिष्ट, स्वच्छ एवं पोषणयुक्त व्यंजन तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करना था। प्रतिभागियों ने विभिन्न स्टॉल लगाकर रोटी, पूरी, पराठा, दाल, कढ़ी, सब्जी, भजिया, खीर, हलवा, आलूबंडा, जलेबी सहित अनेक व्यंजनों का प्रदर्शन किया तथा उपस्थित लोगों को उनका स्वाद भी चखाया। निर्णायक मंडल में शिक्षक विद्या विश्वकर्मा, सोनू बुधोलिया, सपना घारू, ब्रजबाला मालवीय, सुषमा तिवारी एवं सरोज सिलावट शामिल रहीं। उन्होंने सभी स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यंजनों की गुणवत्ता, स्वाद, पोषण मूल्य एवं प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5,000 रुपये की राशि सांदीपनी विद्यालय साईंखेड़ा को प्रदान की गई।

# विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया गया

**नवभारत,नरसिंहपुर।** जिला आयुष अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि जिले में 19 जून को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान नागरिकों को सिकल सेल एनीमिया के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। विवाह पूर्व एवं गर्भावस्था के दौरान जांच के महत्व के बारे में बताया गया। नागरिकों को योग, प्राणायाम, ध्यान एवं तनाव प्रबंधन, संतुलित आहार, दिनचर्या और आयुष जीवनशैली संबंधी परामर्श दिया गया।



# श्रुत पंचमी पर मंदिर में की साफ सफाई

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को श्री पारसनाथ महिला जैन मिलन शाखा तेंदूखेड़ा द्वारा श्रुत पंचमी के शुभ अवसर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर की साफ सफाई एवं पुरानी और फटी जिनवाणी का रखरखाव जिनवाणी माता का पूजन किया गया कार्यक्रम में सभी वीरांगना बहनों ने पूरी भक्ति भावना के साथ बढ़-कर कर भाग लिया धार्मिक भावना से ओत-प्रोत इस कार्यक्रम में अध्यक्ष वीरांगना अरूणा शाखा मंत्री रानू स्वदेशी कोषाध्यक्ष प्रीति मोदी मनीषा श्रद्धा अल्पना मोदी राजश्री मंदिर मैं उपस्थित रहीं।

# भारत कृषि और ऋषि प्रधान देश है : मंत्री प्रहलाद

**नवभारत,नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि भारत देश कृषि और ऋषि प्रधान देश रहा है। ऋषियों ने भारत देश में भूमि, जल, वायु, वृक्ष, गाय एवं प्राकृतिक की रक्षा करने का ज्ञान बताया है। भारत देश में किसान प्राचीन काल में प्राकृतिक खेती करते थे, इससे भूमि की उर्वरकता शक्ति बनी रहती थी और इससे अन्न की समस्या नहीं होती थी। यह परंपरा रही है कि किसान अपने घरों में दो वर्ष के लिए अनाज, एक वर्ष के लिए गेहूं व दाल का भंडार रखते थे, इसलिए प्राचीन काल में भारत देश का किसान समृद्ध व खुशहाल रहता था। मंत्री श्री पटेल शुक्रवार को पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में कृषक कल्याण




वर्ष 2026 के तहत आयोजित प्राकृतिक खेती कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल के आगमन पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। उन्होंने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती का महत्व बताया, जिससे किसान जैविक खाद का उपयोग कर अपने खेतों को उपजाऊ बना सकें। उन्होंने कहा कि किसानों को प्राकृतिक खेती के मॉडल में जीवामृत, बीजामृत एवं जैव अदानों के निर्माण प्रक्रिया को अपनाना चाहिए।

# शिक्षा विभाग में जारी अटैचमेंट का खेल, शिक्षण व्यवस्था पर उठे सवाल

**नवभारत,साईखेड़ा।** लोक शिक्षण विभाग द्वारा वर्ष 2022 में शिक्षकों के अटैचमेंट (संलग्नीकरण) पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद शिक्षा विभाग में अटैचमेंट का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत प्राप्त जानकारी के आधार पर सामने आए तथ्यों ने एक बार फिर विभागीय कार्यप्रणाली और अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्राम उडनी पिपरिया निवासी पत्रकार अरुण श्रीवास्तव द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले साईंखेड़ा विकासखंड की कई शालाओं के शिक्षक अपनी मूल पदस्थापना से हटकर अन्य स्थानों पर अटैच होकर कार्य कर रहे हैं। इससे जहां ग्रामीण क्षेत्रों की




शालाओं में शिक्षकों की कमी बनी हुई है, वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। अभिभावकों में भी इस स्थिति को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया कला में सिवनी जिले से स्थानांतरित होकर आए शिक्षक विपनेश कुमार जैन ने 11 जून 2025 को विद्यालय में कार्यभार ग्रहण किया था। आरोप है कि ज्वाइनिंग के कुछ ही दिनों बाद उन्हें विद्यालय से कार्यमुक्त कर जिला मुख्यालय भेज दिया गया और बाद में 28 जुलाई 2025 को जिला शिक्षा कार्यालय नरसिंहपुर में अटैच कर दिया गया। बताया जा रहा है कि तब से लेकर आज तक वे जिला शिक्षा कार्यालय में ही कार्यरत हैं, जबकि उनकी मूल पदस्थापना पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया कला में बनी हुई है। इस दौरान विद्यालय शिक्षकों की कमी से जूझ रहा है और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बीच की अवधि पर भी उठे सवाल आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार 16 जून 2025 से 28 जुलाई 2025 के बीच विपनेश जैन किस स्थान पर कार्यरत रहे, इसकी स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है। इस अवधि को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं और मामले की जांच की मांग की जा रही है।

### प्रतिबंध के बावजूद जारी है अटैचमेंट

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा वर्ष 2022 में शिक्षकों के अटैचमेंट पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद साईंखेड़ा ब्लॉक सहित कई क्षेत्रों में शिक्षकों को विभिन्न कार्यालयों एवं शहरी विद्यालयों में अटैच किए जाने के आरोप लग रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ शिक्षक वर्षों से अपनी मूल शालाओं से दूर पदस्थ हैं, जिससे ग्रामीण विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था कमजोर हो रही है। जानकारों का कहना है कि जब तक विपनेश कुमार जैन का नाम पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरिया कला में पदस्थ दर्शाया जाता रहेगा, तब तक वहां नियमित प्राचार्य की नियुक्ति में भी बाधा बनी रहेगी।

# कलेक्टर ने डीजल की उपलब्धता और सतत आपूर्ति बनाए रखने के दिये निर्देश

**नवभारत,नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह ने किसानों, स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट और अत्यावश्यक सेवाओं के लिए डीजल की उपलब्धता और सतत आपूर्ति बनाए रखने के लिए स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक किसान/ स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट एवं अत्यावश्यक सेवाओं से संबंधित व्यक्ति/ संस्था आदि को पेट्रोल पंपों में डीजल की उपलब्धता अनुसार अधिकतम 200 लीटर की सीमा तक डीजल एक दिन में एक बार निर्धारित पहचान एवं आवश्यक अभिलेखों के सत्यापन उपरांत प्लास्टिक केनों में दे सकेंगे। पम्प प्रोपराईटर/ संचालक का उत्तरदायित्व होगा कि किसान/ स्वास्थ्य सेवाओं, महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट एवं अत्यावश्यक सेवाओं से संबंधित व्यक्ति/ संस्था आदि को विक्रय डीजल की जानकारी निर्धारित प्रारूप में पंजी कर संधारण किया जाए और देयक अनिवार्यत- जारी किए जाएं। अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। संकलित जानकारी की सत्यापित पाक्षिक रूप से पम्प प्रोपराईटर/ संचालक कार्यालय कलेक्टर (खाद्य) जिला नरसिहपुर में अनिवार्यत- उपलब्ध करवाएंगे। समस्त ऑयल कम्पनी के सेल्स ऑफिसर तथा क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वह इसकी सघन मॉनीटरिंग और निरीक्षण करेंगे। उक्त निर्देशों का पालन नहीं करने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करेंगे।